# भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)
6ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

दिनांक: 02 मई 2024, बृहस्पतिवार

## केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह द्वारा उत्तर प्रदेश के बरेली, बदायूं और सीतापुर में आयोजित विशाल जनसभाओं में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु

**राहुल गांधी ने 'भारत जोड़ो यात्रा' से चुनाव की शुरुआत की**, 4 **जून को 'कांग्रेस ढूँढो यात्रा' से इसका समापन होगा**

*******************

**इस बार यूपी की 80 की 80 सीटों पर NDA विजयी होगा...**

*******************

**यूपी में सपा शासन में कट्टों के कारखाने थे**, **आज तोप और मिसाइल बन रही हैं**, **जो पाकिस्तान की नींद उड़ा रही हैं**

*******************

**कांग्रेस मुस्लिमों को नौकरी में 15% का आरक्षण देने की बात कह रही**

*******************

**भाजपा के रहते कोई भी OBC का आरक्षण मुसलमानों को नहीं दे सकता**

*******************

**अखिलेश यादव खुद को यादवों का नेता कहते हैं पर सिर्फ अपने ही परिवार में** 5 **टिकट दे दिए**

*******************

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज गुरुवार को उत्तर प्रदेश के बरेली, बदायूं और सीतापुर में जनसभाओं को संबोधित करते हुए तुष्टिकरण की राजनीति को लेकर कांग्रेस और समाजादी पार्टी पर जमकर निशान साधा। इन कार्यक्रमों में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री भूपेन्द्र सिंह चौधरी, कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार श्री जितिन प्रसाद, कैबिनेट मंत्री श्रीमति गुलाब देवी, निवर्तमान बरेली सांसद श्री संतोष गंगवार, बरेली लोकसभा प्रत्याशी छत्रपाल गंगवार, निवर्तमान बदायूं सांसद श्रीमती संघमित्रा मौर्य, बदायूं प्रत्याशी श्री दुर्विजय शाक्य और सीतापुर प्रत्याशी श्री राजेश वर्मा सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे।

श्री शाह ने कहा कि **घमंडिया गठबंधन के शहजादे ने चुनाव की शुरुआत भारत जोड़ो यात्रा के साथ की थी लेकिन 4 जून के बाद कांग्रेस ढूंढो यात्रा के साथ इसका समापन होगा**। दो चरणों के चुनाव में कांग्रेस पार्टी दूरबीन लेकर भी नजर में नहीं आ रही है जबकि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी सेंचुरी लगाकर 400 पार की राह पर आगे निकल गए हैं। लोकसभा प्रत्याशी श्री छत्रपाल गंगवार और श्री दुर्विजय शाक्य के सामने कमल के निशान पर दबाया गया बटन श्री नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाएगा। **यह चुनाव श्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने, देश के अर्थतंत्र को तीसरे स्थान पर ले जाने, 3**

**करोड़ लखपति दीदी बनाने, उत्तरप्रदेश को गुंडों से मुक्त कराने, आतंकवाद और नक्सलवाद को समाप्त करने का है**।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने 70 वर्षों तक श्री राम मंदिर के मुद्दे को अटका कर रखा था लेकिन देश की जनता ने श्री मोदी को दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाया तो 5 वर्षों में ही कोर्ट का फैसला आ गया, भूमि पूजन भी हो गया और भव्य राम मंदिर भी बनकर तैयार हो गया है। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव, डिम्पल यादव, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को मंदिर ट्रस्ट की ओर से राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम का निमंत्रण भेजा गया था लेकिन वोट बैंक की राजनीति के कारण ये लोग वहां नहीं पहुंचे। **कांग्रेस और उनकी सहयोगी पार्टियां अपने वोट बैंक से डरती हैं लेकिन भारतीय जनता पार्टी नहीं डरती और डंके की चोट पर कहती है कि श्री राम मंदिर के निर्माण का कार्य आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी ने किया है**। भाजपा ने काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और बाबा महाकाल के दरबार को भी भव्यता से सजाया है। सोमनाथ का मंदिर भी अब सोने का बन रहा है। आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने सभी श्रद्धा केंद्रों को ऊर्जावान बनाने का कार्य किया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे कहते हैं कि राजस्थान और उत्तरप्रदेश वालों का कश्मीर से क्या लेना देना है लेकिन खड़गे साहब को ये पता नहीं है कि बरेली और बदायूं का बच्चा-बच्चा कश्मीर के लिए अपनी जान देने के लिए तैयार है। कांग्रेस ने 70 वर्षों तक धारा 370 को बूढ़े व्यक्ति की पूंजी की तरह संभाल कर रखा लेकिन श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद धारा 370 को जड़ से समाप्त पूरे कश्मीर में भारत का तिरंगा शान से लहराने का कार्य किया। धारा 370 को हटाने के लिए लाए गए बिल के समय संसद में राहुल गांधी ने कहा था कि धारा 370 हटाई तो कश्मीर में खून की नदियां बह जाएंगी लेकिन खून की नदियां तो छोड़िए 5 वर्षों में कंकड़ उठाने की भी किसी की हिम्मत नहीं हुई है।

श्री शाह ने कहा कि कांग्रेस की पूर्व सरकारों में आए दिन दिन पाकिस्तान से आतंकी आकर देश में बम धमाके करके चले जाते थे और कोई कुछ बोलने वाला नहीं था। आदरणीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार में पाकिस्तान के आतंकियों ने उरी और पुलवामा में हमला करने की गलती की तो 10 दिनों के भीतर ही भारतीय सेना ने सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक करके पाकिस्तान के घर में घुसकर आतंकियों का सफाया कर दिया। **10 वर्षों मे माननीय प्रधानमंत्री ने देश के गरीबों को आगे बढ़ाने का कार्य किया है**। भाजपा सरकार ने 80 करोड़ गरीबों को प्रति व्यक्ति प्रति माह 5 किलो अनाज दिया, 12 करोड़ गरीब माताओं के लिए शौचालय बनाकर उनके सम्मान की रक्षा की, 4 करोड़ गरीबों को घर बनाकर दिया, 10 करोड़ गरीबों को उज्ज्वला गैस कनेक्शन दिया और 14 करोड़ गरीबों को नल से जल दिया है और 60 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत कार्ड के तहत स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया है। कोरोना जैसी भयावह महामारी के दौरान आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने 130 करोड़ लोगों को नि:शुल्क टीका लगवाकर देश को सुरक्षित किया है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि बरेली भारतीय जनता पार्टी का गढ़ है। 1989 से 8 बार श्री संतोष गंगावर सांसद रहे हैं और श्री संतोष ने हमेशा संसद में बरेली के मुद्दों को प्रखरता से रखा है। श्री संतोष गंगवार के लिए पार्टी ने अलग भूमिका सोच रखी है इसीलिए भाजपा ने श्री छत्रपाल गंगवार को बरेली का सांसद प्रत्याशी बनाया है। श्री संतोष गंगवार ने जो सेवा का यज्ञ शुरू किया है, श्री छत्रपाल गंगवार उसमें विकास की आहुति देकर इस क्षेत्र को आगे बढ़ाएंगे।

श्री शाह ने समाजवादी पार्टी पर प्रहार करते हुए कहा कि **सपा के शासन में 70 से अधिक गांव अंधेरे में थे, जहां बिजली पहुंचाने का कार्य भाजपा शासन में पूर्ण हुआ है। सपा सरकार में उत्तरप्रदेश में कांवड यात्रा पर हमले होते थे, पश्चिम उत्तर प्रदेश से पलायन होता था, दंगे होते थे लेकिन आज मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ की भाजपा सरकार में गुंडे पलायन कर रहे हैं**। कांग्रेस एवं सपा के नेता 2012 में हुए बरेली दंगों में भी पीड़ितों के साथ नहीं खड़े थे। 2017 में भाजपा की सरकार बनने पर मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने बहुत ही कम समय में पूरे उत्तर प्रदेश को दंगों से मुक्त कर दिया। खुद को यादवों का नेता बताने वाले सपा प्रमुख ने अपने परिवार में पांच लोगों को टिकट दिया है। मैनपुरी से अपनी पत्नी डिंपल यादव, बदायूं से आदित्य यादव, फिरोजबाद से अक्षय यादव, आजमगढ़ से धर्मेन्द्र यादव को टिकट दिया है और कन्नौज से स्वयं अखिलेश यादव लड़ रहे हैं। **अखिलेश खुद मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं और सोनिया अपने बेटे को प्रधानमंत्री बनाना चाहती हैं। अपने परिवारजनों को सत्ता में बिठाने के लिए राजनीति करने वाले लोग देश के युवाओं का कभी भला नहीं कर सकते**। बरेली और बदायूं सहित पूरे देश के युवाओं का भला सिर्फ गरीब घर से आए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ही कर सकते हैं। **सपा शासन में पूरे उत्तर प्रदेश में अराजकता के लिए देशी कट्टे बनाने के कारखाने चलते थे लेकिन आज उत्तर प्रदेश में देश की सुरक्षा के लिए तोप और मिसाइल बनाने के कारखाने लगे हैं**।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि सपा शासन में वाहन चोर उद्योग चलता था लेकिन आज प्रदेश में वाहन बनाने की फैक्ट्रियां लग रही हैं। सपा शासन में चेन स्नेचिंग में लिप्त रहने वाले बेरोजगार युवा अब मेडिकल डिवाइस बना रहे हैं। माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे, बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे और गंगा एक्सप्रेस वे सहित कुल 14 एक्सप्रेसवे बने हैं। पहले राज्य में मात्र 7 हजार किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग था लेकिन अब राष्ट्रीय राजमार्गों की संख्या 12 हजार किलोमीटर हो चुकी है। भाजपा कार्यकाल के दौरान **उत्तर प्रदेश में हवाई अड्डों की संख्या 2 से बढ़कर 9 हो गई है और 12 हवाई अड्डे निर्माणाधीन हैं**, इसके अलावा **जेवर में एशिया का सबसे बड़े हवाई अड्डे का निर्माण किया जा रहा है**। 12 शहरों में मेट्रो का संचालन शुरू हुआ है। **उत्तर प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 12 से बढ़कर 68 हो गई हैं और 22 निर्माणाधीन हैं**। उत्तर प्रदेश में रक्षा औद्योगिक कॉरिडोर बनाया गया है। **भारत के 60 प्रतिशत मोबाइल का उत्पादन आज उत्तर प्रदेश में हो रहा है**। भाजपा सरकार ने सिर्फ बरेली के विकास के लिए 26 हजार करोड़ रुपए खर्च किए हैं। बरेली में प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, स्वच्छता अभियान, उजाला, स्वनिधि और मुद्रा योजना के लाखों लाभार्थी हैं। बदायूं में जमालपुर हसोरा क्षेत्र में 50 मेगावाट का सोलर पार्क, 4 करोड़ की लागत से सलारपुर क्षेत्र में टेक्सटाइल फैक्ट्री, बदायूं से बबराला तक 4 लेन सड़क और 600 किलोमीटर गांव की सड़कें बनाई गई हैं। सीतापुर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सर्वाधिक सड़क बनाई गई है। इसके अलावा सीतापुर में 13 लाख शौचालय बनाने सहित भाजपा सरकार द्वारा अनेक विकास कार्य किए गए हैं।

श्री शाह ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने GYAN यानि गरीब, युवा, अन्नदाता और नारीशक्ति के विकास और कल्याण के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया है। कांग्रेस जनता में भ्रम फैलाने का प्रयास कर रही है कि भाजपा 400 सीटों पर विजयी होने पर एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण को खत्म कर देगी। भाजपा के पास पिछले 10 वर्षों से पूर्ण बहुमत है लेकिन भाजपा ने इस आरक्षण को हाथ नहीं लगाया एवं जब तक भाजपा रहेगी तब तक न स्वयं आरक्षण समाप्त करेगी और न ही किसी को हाथ लगाने देगी। कांग्रेस ने कर्नाटक में एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण में डाका डालकर वर्ग विशेष को कोटा दिया है। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया है।

केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि **यूपीए की 10 वर्षों की सरकार ने उत्तर प्रदेश को मात्र 4 लाख करोड़ रुपए आवंटित किए वहीं भाजपा की माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने अपने 10 वर्षों में उत्तर प्रदेश को 18 लाख करोड़ रुपए दिए हैं**। उत्तर प्रदेश में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी बहुत बड़ा परिवर्तन लेकर आए हैं। माननीय गृहमंत्री ने उपस्थित जनसैलाब से स्थानीय प्रत्याशियों को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाकर उत्तर प्रदेश में 80 की 80 और देश में 400 सीटों के साथ फिर एक बार मोदी सरकार बनाने की अपील की।

*****************************